	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 07/2020 अनवान दुर्गाराम बनाम गणेशाराम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत मुख्यालय डाबलीसरा पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 24.11.2021 को ग्राम पंचायत मुख्यालय डाबलीसरा, राजकीय प्राथमिक विधालय जाणियों की ढ़ाणी (डाबलीसरा) पर पेश हो। उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर	
24.11.2021	यह पत्रावली आज बमुकाम डाबलीसरा, राजकीय प्राथमिक विधालय जाणियों की ढ़ाणी (डाबलीसरा) प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 में पेश हुई। प्रार्थीगण उपस्थित एवं अप्रार्थीगण अनुउपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। प्रार्थी दुर्गाराम पुत्र कुम्भाराम जाति जाट निवासी डाबरीसरा द्वारा शिविर मे उपस्थित होकर निवेदन किया गया कि प्रार्थी ने इस न्यायालय के समक्ष राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 (ए) उप धारा 1 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर प्रार्थी के खेत मौजा डाबलीसरा खसरा नं. 583/361 को जोड़ने हेतु रास्ता प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त आवेदन मे अब उसे रास्ते की आवश्यकता नही है ना ही उसके पास रास्ते की डी.एल.सी की राशि करने के पैसे नही है। अतः वह अपना आवेदन वापस लेता है, एवं आवेदन नही चलाना चाहता है। अतः जरिये विड्रो आवेदन खारिज फरवाने की कृपा करावें। अतः प्रार्थी दुर्गाराम पुत्र कुम्भाराम जाति जाट निवासी डाबरीसरा द्वारा दिनांक 24.11.2021 को ग्राम पंचायत डाबलीसरा मे आयोजित शिविर मे प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन को जरिये विड्रो खारिज किया जाता है। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश मजमे आम मे सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर	दुरगाराम